हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 9 दिसम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 ग्रामीण विद्युत संभाग का बकाया राजस्व पहुंचा 150 करोड़, वसूली में जुटी 15 टीमें



## खबर संक्षेप

### कैलेण्डर वर्ष 2026 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**बलरामपुर।** कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज राजेन्द्र कटारा ने सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग 2 के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कैलेण्डर वर्ष 2026 के लिए जिले में निम्न तिथियों को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। कलेक्टर श्री कटारा द्वारा जारी आदेश में 14 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को मकर संक्रांति-पोंगल, 22 सितंबर 2026 दिन मंगलवार को ढोल ग्यारस (करमा) तथा 11 नवम्बर 2026 दिन बुधवार को भाई दूज के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त स्थानीय अवकाश कोषागार-उप कोषागारों तथा बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

### जपं सामान्य प्रशासन समिति एवं सभा की बैठक 11 को

**अम्बिकापुर।** जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जनपद पंचायत अंबिकापुर में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 11 दिसंबर गुरुवार को कार्यालय जनपद पंचायत सभाकक्ष में प्रातः 11.30 बजे से आयोजित होगी। साथ ही सामान्य सभा की बैठक जनपद पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से आयोजित होगी। उन्होंने उक्त बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### अवैध रूप से संचालित पैरा मेडिकल संस्थानों की होगी जांच

**अंबिकापुर।** शहर सहित जिले भर में अवैध रूप से संचालित हो रहे पैरा मेडिकल संस्थानों की जांच के निर्देश संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने दिए है। उन्होंने सीएमएचओ को जांच व कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। बता दें कि शहर के साथ ही जिलेभर में कई पैरा मेडिकल संस्थान संचालित है। इनमें से कई पैरा मेडिकल संस्थान अवैध रूप से संचालित हो रहे है। ऐसे में संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने सीएमएचओ सरगुजा को अवैध रूप से संचालित पैरामेडिकल संस्थाओं को चिन्हांकित कर उनकी जांच करने का निर्देश दिया है इसके साथ ही विशेष रूप से कुछ चिन्हांकित पैरा मेडिकल संस्थाओं पर अविलंब जांच करने व जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। सीएमएचओ द्वारा पेश की गई रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जंगल किनारे संग्रहित 3 टन अवैध कोयले को पुलिस ने किया जब्त

**अम्बिकापुर।** उदयपुर पुलिस पोतका जमरी पारा जंगल के किनारे तस्करों द्वारा झाड़ियों के बीच में रखे गए लगभग 3 टन अवैध कोयला को जब्त किया है। जब्त कोयला ईंट भट्ठों में खपाने के उद्देश्य से संग्रहित करने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस आरोपियों की खोजबीन कर रही है। लखनपुर एवं उदयपुर में कोयले का अकूत भंडार है। तस्कर ग्रामीणों की मदद से कोयले का अवैध उत्खनन करा ईंट भट्ठों में खपाते हैं। पोटका जमरी पारा जंगल किनारे लावारिस रूप से पड़े होने की सूचना पर पुलिस ने जब्ती की कार्रवाई की। अभी तक यह पता नहीं लग पाया है कि जब्त कोयला अवैध उत्खनन का है या खदानों से चोरी किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

### नशे में महिला ने पी ली कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** पुत्र व पति के खेत में काम करने जाने के दौरान ही शराब के नशे में धुत महिला ने कीटनाशक पी ली। धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम चितरपुर निवासी फूल कुंवर पति दुर्जन नागेश (33 वर्ष) 4 दिसंबर की दोपहर घर में अकेली थी जबकि पति दुर्जन व पुत्र शिवनारायण खेत में काम करने गए थे। इसी बीच नशे की हालत में महिला ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। शाम को जब शिवनारायण व दुर्जन घर पहुंचे तो फुलकुंवर को उल्टी करते तथा पास ही कीटनाशक का डिब्बा देख उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

# एनएच की सड़कों पर पैच वर्क के लिए महज डेढ़ करोड़, राशि खर्च पर अभी भी गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अब एक से डेढ़ साल तक करना होगा इंतजार, मरम्मत के साथ ही उखड़ने लगा डामर

शहर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच की सड़क पर लोगों को लगभग एक साल तक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। पैच रिपेयरिंग के लिए आए हुए डेढ़ करोड़ रुपए कुछ स्थानों पर ही खर्च हो गए जबकि शहर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच की सड़क की स्थिति अभी भी जर्जर है और जगह जगह गड्ढे बने हुए है। इतना ही नहीं गड्ढों को भरने में भी ठेकेदार ने सिर्फ खानापूर्ति की है। बिना साफ सफाई किए ही सीधे निर्माण सामग्री गिराकर छोड़ दिया गया है। अब सड़क पर डाला गया डामर और छोटी गिट्टी खुद ही बाहर निकल रही है जिससे लोगों में खासा आक्रोश है।

बता दें कि शहर के बीच की प्रमुख व्यावसायिक सड़कें राष्ट्रीय राजमार्ग के अधीन है। शहर के एमजी रोड से लेकर घड़ी चौक, देवीगंज रोड, महामाया चौक से सदर रोड, अग्रसेन चौक से दरिमा चौक होते हुए रायगढ़ रोड एनएच 43 के अंतर्गत है। एनएच 43 के अंतर्गत आने वाली प्रमुख सड़कों पर ही शहर का व्यवसाय टिका हुआ है लेकिन इन सड़कों की स्थिति बेहद जर्जर है। बारिश के समय सड़क पर बने गड्ढों के कारण लोग हादसों का शिकार हुए इसके साथ ही परेशानियों का सामना करना पड़ा। जर्जर सड़कों से राहत दिलाने के लिए पैच रिपेयरिंग कार्य के लिए 8 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली थी। स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर जारी किया गया और सड़कों पर पैच रिपेयरिंग का काम शुरू हुआ जिसके बाद लोगों के साथ ही व्यवसायियों को भी उम्मीद थी की कम से कम गड्ढों के भरने से आवागमन में राहत मिलेगी लेकिन इस उम्मीद पर पानी फिरता दिख रहा है। ऐसा इस लिए क्यों कि 8 करोड़ रुपए में से सिर्फ डेढ़ करोड़ रुपए की शहर से होकर गुजरने वाली एनएच की सड़क के लिए था। इस डेढ़ करोड़ रुपए की राशि से राष्ट्रपति के आगमन और व्हीआइपी मूवमेंट को देखते हुए एमजी रोड व दरिमा रोड में पैच वर्क का काम किया गया और इसी कार्य में डेढ़ करोड़ रुपए की राशि भी खर्च हो गई। अब शहर के बीच में गड्ढों को भरने के नाम पर खानापूर्ति की गई है। ठेकेदार ने सड़क पर एक कई स्थानों पर गड्ढों को नहीं भरा जबकि कई स्थानों पर अगल बगल मौजूद गड्ढों में से एक गड्ढे को भरकर दूसरे को छोड़ दिया। इतना ही नहीं रात में डाली गई निर्माण सामग्री अगली सुबह उखड़ने लगी और छोटी गिट्टी सड़क पर बिखर गई जिससे लोगों में गुणवत्ता को लेकर खासा आक्रोश है। वहीं इस तरह गिट्टी उखड़ने से दुर्घटना का ख़तरा भी बना हुआ है।



आधा-अधूरा पैच रिपेयर।

### 30 प्रतिशत रिपेयरिंग का प्रावधान

बताया जा रहा है कि शहर के बीच से एनएच की कुल 10 किमी की सड़क गुजरती है। अधिकारियों का कहना है कि पैच वर्क के लिए कुल सड़क का 30 प्रतिशत हिस्सा ही लिया जाता है। इस हिसाब से शहर में लगभग 3 किमी की सड़क पर पैच वर्क का कार्य किया गया है लेकिन यह पैच वर्क सिर्फ एमजी रोड और दरिमा रोड में ही नजर आ रहा है जबकि शहर के बीच देवीगंज रोड, सदर रोड पर अभी भी गड्ढे है। वहीं पूर्व में गड्ढों को भरने के लिए गिट्टी, स्टोन डस्ट और ईंट का उपयोग किया गया था जो अब धूल का कारण बन रहा है इसके साथ ही लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### अब 45 करोड़ का इंतजार

बताया जा रहा है कि एनएच 43 के मरम्मत व रिपेयरिंग कार्य हेतु केंद्र से 45 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। इस राशि से डामरीकरण के साथ ही सीसी सडक, नाली, पुलिया निर्माण जैसे कार्य भी कराए जाने है। इस कार्य के लिए टेंडर लगा हुआ है लेकिन सड़क रीन्युवल के टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने में जून तक का समय लग जाएगा इसके बाद जुलाई से रैनी सीजन शुरू होगा ऐसे में फिर से बारिश के समय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। शहर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच की सड़क के कारण लोगों को अगले डेढ़ साल तक निजात मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

### कराया गया पैच वर्क

आठ करोड़ रुपए में से शहर के लिए डेढ़ करोड़ रुपए ही स्वीकृत थे। शहर में रेलवे स्टेशन से दरिमा मोड़ तक पैच वर्क कराया गया हा। पैच वर्क के लिए रोड का 30 प्रतिशत हिस्सा लेना होता है। 10 किमी की सड़क में 3 किमी पैचवर्क हुआ है। अब शेष सड़क मरम्मत व निर्माण के लिए 45 करोड़ रुपए का टेंडर लगा हुआ है। टेंडर की प्रक्रिया जून तक पूर्ण होगी जिसके बाद काम शुरू होगा।

-आरडी ताम्ब्रे, ईई, एनएच

## डिप्टी सीएम ने ननि को दी 82 करोड़ रुपए की सौगात

# विष्णु देव के सुशासन में विकास कार्यों को धरातल पर उतारने सरकार प्रतिबद्ध : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

सोमवार को प्रदेश के डिप्टी सीएम और लोनिवि मंत्री अरुण साव ने ननि अंबिकापुर और सरगुजा की जनता को 82 करोड़ रुपए की सौगात दी। डिप्टी सीएम व अन्य मंत्रियों ने शहर व जिले में होने वाले विभिन्न विकासकार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता चेतना पार्क में अटल परिसर का उदघाटन किया।

इस दौरान डिप्टी सीएम श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री विष्णु देव के नेतृत्व में सरगुजा तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। केवल 23 महीनों में अम्बिकापुर के शहरी विकास के लिए 209 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि सरगुजा संभाग में लोक निर्माण विभाग से 1737 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, जिससे पूरे संभाग में सड़कों का कायाकल्प होगा। श्री साव ने आश्वस्त किया कि विष्णु के सुशासन में प्रदेश सरकार तेजी से विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अम्बिकापुर शहर को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने हेतु फ्लाईओवर निर्माण की प्रक्रिया प्रगति पर है और जल्द ही इसका कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि इन विकास कार्यों से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि पर्यटन, कृषि और स्थानीय व्यापार को नई दिशा मिलेगी। ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि शहरी विकास के लिए मिली बड़ी स्वीकृतियों से अम्बिकापुर क्षेत्र का विकास होगा, विकास कार्यों की सौगात के लिए नगरवासियों की तरफ से उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करती हूं। इस दौरान डिप्टी सीएम अरुण साव ने ननि क्षेत्र में 82 करोड़ 23 लाख 71 हजार रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का भव्य लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सहित पार्षदगण जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



लोकार्पण करते डिप्टी सीएम।

### अटल परिसर का किया लोकार्पण

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने स्वच्छता पार्क स्थित अटल परिसर का लोकार्पण किया और इसके बाद लोक निर्माण विभाग के कुल 2794.86 लाख रुपये की राशि से स्वीकृत सड़कों का भूमिपूजन किया। जिसमें प्रमुख स्वीकृत सड़क में फरसाबहार-धरमपुर मार्ग, लंबाई 4 किमी 602.58 लाख, बतौली-शांतिकुंज मार्ग निर्माण, लंबाई 3 किमी 344.16 लाख। फरसाबहार-जनरलगो सड़क, लंबाई 3.50 किमी लागत 373.58 लाख, डूमरपाखना-पेण्डरमारी रोड, लंबाई 1 किमी लागत 260.56 लाख। कटकोना शिवान (डिटक्सीयार) रोड, लंबाई 4.20 किमी लागत 504.05 लाख, पोईबोहरा-गुढ़उपूरीगुड़ा-बुढ़ा गांव मार्ग, लंबाई 5 किमी लागत 709.93 लाख। इन सड़कों से क्षेत्र में आवागमन बेहतर होगा, व्यापारिक गतिविधियों को सुगमता मिलेगी और ग्रामीण संपर्क मार्ग मजबूत होंगे।

### नगर निगम को 33.78 करोड़ के कार्यों की सौगात

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 3378.75 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित 6 प्रमुख शहरी परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्य शहरी कार्य में अटल परिसर का लोकार्पण लागत 50.00 लाख, मां महामाया कॉरिडोर निर्माण कार्य लागत 1159.00 लाख, पुष्प वाटिका सरगवा पार्क तथा पेयजल पाइप लाइन विस्तार लागत 239.00 लाख। दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन निर्माण 277.75 लाख। नालंदा परिसर निर्माण कार्य लागत 1118.00 लाख। एसबीएम 2.0 अंतर्गत कार्य लागत 535.00 लाख रुपए है इन परियोजनाओं से शहर में सौंदर्यीकरण, नागरिक सुविधाएं, स्वच्छता और सामुदायिक ढांचा मजबूत होगा।

### नलजल योजना के तहत 32 करोड़ की सौगात

लोक यांत्रिकी विभाग के माध्यम से उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि भिट्ठीकला, कंचनपुर, नवानगर, देवीटिकरी, तेंदुटिकरा, बकनाकला, बरगीडीह, चिरगा, गंगापुर, करांकी, दर्रीटोला, बतौली, नवडीहा, दोरना, तेंदूडांड, कुनकुरी, कछारडीह, डूमरभावना, लैगू एवं चैनपुर में 32 करोड़ 9 लाख 10 हजार रुपये की नल जल योजनाओं से हर घरों में जल उपलब्धता सुनिश्चित किया जाएगा।



# सेमरसोत अभयारण्य क्षेत्र से जब्त किया गया 20 नग साल चिरान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अवैध अतिक्रमण के खिलाफ भी की गई कार्रवाई

सेमरसोत अभ्यारण्य में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई का सिलसिला जारी है। तस्कर लगतार जंगल में पेड़ों की कटाई करने के साथ ही अभ्यारण्य क्षेत्र में कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। एक बार फिर से सेमरसोत जंगल में विभाग ने इमारती लकड़ी बरामद करने के साथ ही अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है। विभाग द्वारा जब्त किए गए लकड़ी की कीमत लगभग 20 हजार रुपए आंकी जा रही है।

बता दें कि सेमरसोत अभ्यारण्य क्षेत्र में इन दिनों अवैध रूप से पेड़ों की कटाई का कार्य जोर शोर से चल रहा है। तस्कर रात के अंधेरे में जंगल के अंदर इमारती लकड़ी के विशाल पेड़ों की आरा मशीन से कटाई कर रहे है और लकड़ी का चिरान बनाने का कार्य भी जंगल के अंदर ही किया जा रहा है। हाल ही में सेमरसोत अभ्यारण्य क्षेत्र में इस तरह की दो से तीन मामले सामने आ चुके है। वहीं एक बार फिर से सेमरसोत अभ्यान्य क्षेत्र के कोदौरा से बड़ी मात्रा में इमारती लकड़ी जब्त की गई है। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि घर में भारी मात्रा में इमारती लकड़ी छिपाकर रखा गया है। ऐसे में उप निदेशक एलिफेंट रिजर्व सरगुजा के निर्देश पर अधीक्षक सेमरसोत अभ्यारण्य बीएस भगत व रेंजर विनय टंडन के नेतृत्व में टीम ने कोदौरा क्षेत्र के ग्राम सरगावा में जेम कुजूर आ. सैमुएल कुजूर के घर छापा मारा। इस छापामार कार्रवाई के दौरान टीम ने घर से 20 नग साल चिरान व 3 नग लकड़ी चीरने का औजार बरामद किया। जब्त की गई इमारती लकड़ी की कीमत लगभग 20 हजार रुपए आंकी गई है। इसके साथ ही विभाग ने सेमरसोत अभ्यारण्य के कक्ष क्रमांक पी 471 और पी 34 में अवैध रूप से किए गए निर्माण के खिलाफ भी कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान सभी अतिक्रमण को हटाया गया। इसके साथ ही विभाग ने वनोपज को जब्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई की है।

# पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, पैरा ढंक लाश को छुपाया था कुंए में

**सूरजपुर।** भोजन नहीं बनाने से नाराज हुए पति ने न सिर्फ पत्नी के साथ विवाद किया बल्कि डंडे व सिलबट्टा से वार कर मौत के घाट उतार दिया। पत्नी की हत्या करने के बाद लाश को घर के कुएं में डाल पैरा से ढक दिया था। पत्नी की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक रघुनाथनगर थाना अंतर्गत ग्राम सरना निवासी प्रभावती काशी ने थाना चांदनी में 20 नवम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 नवम्बर को भतीजा ने फोन कर मां देव कुमारी के संबंध में पूछताछ की और दूसरे दिन बहन देव कुमारी के घर नवाटोला आई तो भतीजा ने बताया कि पिता अशोक रजक ने रात में मां के साथ विवाद करना शुरू कर दिया और जब छोटा भाई मना किया तो उसे भी मारपीट करते हुए घर से बाहर भगा दिया। इसी बीच मां को पिता ने डंडे व सिलबट्टा से जानलेवा हमला कर हत्या कर दी। साथ ही लाश को कुआं में डालकर पैरा से ढक कर फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 103(1), 238 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर से सूचना पुलिस ने आरोपी अशोक रजक आ. धरम साय (39 वर्ष) को उड़ीसा से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि खाना नहीं बनाने की बात को लेकर पत्नी की हत्या कर लाश को कुआं में डालकर पैरा से ढक दिया था। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर डंडा व सिलबट्टा को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



# वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** नेवरा मुख्य मार्ग पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत ग्राम केवरा निवासी धमेन्द्र कुमार कुशवाहा आ. लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा (26 वर्ष) 4 दिसंबर को सूरजपुर जाने की बात कहकर बाइक लेकर अकेले निकला था। इसी दौरान शाम को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर बताया कि धमेन्द्र का नेवरा मुख्य मार्ग पर एक्सीडेंट हो गया है। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## मध्यरात्रि गुड़ फैक्ट्री में काम कर रहा था मजदूर पिता

# हाथी के हमले में प्लास्टिक पन्नी के झाला में सो रहे मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सोनगरा

बीती रात गुड़ एवं गन्ने की तलाश में खेतों के बीच संचालित गुड़ फैक्ट्री के पास पहुंचे दंतैल ने फैक्ट्री के बाहर पन्नी के शेड में सो रहे 42 दिन के दूध मुंहे बच्चे पर हमला कर दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में गुड़ फैक्ट्री संचालक की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

वन परिक्षेत्र सूरजपुर अंतर्गत ग्राम चिकनी धरमपुर में गन्ने के खेतों के बीच लम्बे समय से गुड़ फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। संचालक द्वारा गुड़ बनाने के लिए यूपी के मुजफ्फर नगर से मजदूरों को परिवार सहित लाया गया है। फैक्ट्री संचालक द्वारा मजदूरों के रहवास की व्यवस्था नहीं की गई है तथा मजदूर फैक्ट्री के बाहर गन्ना खेत के किनारे बांस के सहारे पन्नी का तंबू लगा सर्द रातें गुजार रहे हैं। कुछ दिनों से सोनगरा जंगल में भ्रमण कर रहा लोनर दंतैल गुड़ के गंध से आकर्षित होकर रात्रि 1 बजे फैक्ट्री तक पहुंच गया। इस दौरान मुजफ्फर नगर के ग्राम चुकणा निवासी सूरज पिता ज्ञानी फैक्ट्री में गुड़ तैयार कर रहा था जबकि उसकी पत्नी 43 दिन के मासूम के साथ पन्नी के झाले में अन्य मजदूर महिलाओं के साथ गहरी नींद में सोई थी। गुड़ की खोज में पहुंचा दंतैल प्लास्टिक पन्नी के झाले में लगे बांस को तोड़ने लगा तो महिलाएं इधर-उधर भागने लगी। इस दौरान हाथी ने मासूम पर हमला कर दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मासूम की मां सहित अन्य महिला मजदूरों के भागने पर फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों को दंतैल के पहुंचने की जानकारी मिली। मजदूरों द्वारा काफी देर तक शोर मचाने के बाद दंतैल खेतों की ओर गया तो मजदूरों ने झाला के मलबे में दबे मासूम को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी सासें थम चुकी थी। सूचना पर सुबह वनअधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तथा औपचारिकताएं पूरी कर मृतक के पिता को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की।



### ग्रामीणों ने कहा-नहीं मिलती सूचना

ग्रामीणों ने वन अधिकारियों पर हाथी के भ्रमण की सूचना नहीं देने का आरोप लगाया है। इधर वन अधिकारियों का कहना है कि लोनर के संभावित भ्रमण क्षेत्र में लगातार मुनादी करा दंतैल के मौजूदगी एवं उसके संभावित भ्रमण की जानकारी दी जा रही है साथ ही लोगों को सावधानी बरतने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। गन्ना हाथियों का पसंदीदा आहार है इसलिए हाथी गन्ना के खेतों में पहुंचते हैं। गन्ने की ऊंचाई अधिक होने के कारण खेतों में हाथी के मौजूद होने की जानकारी आसपास के लोगों को नहीं मिल पाती।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष



**बैकुण्ठपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी सोमवार को कलेक्टर कार्यालय बैकुंठपुर में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी से भेंट कर जिले में धान खरीदी पर किसानों से प्राप्त सुझावों एवं कठिनाइयों से अवगत कराया। ग्राम कैलाशपुर एवं घुघरा में लंबे समय से लंबित भूमि बंदोबस्त त्रुटि सुधार के लिए टीम गठन का आग्रह किया। कलेक्टर ने सभी विषयों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### पीड़ित के परिजन को आर्थिक सहायता

**मनेन्द्रगढ़।** प्राकृतिक आपदा में पीड़ितों के परिजन को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6 (ग)(1) के अंतर्गत तहसील मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत हर्रा, निवासी ललित कुमार साहू की आकाशीय बिजली गाज गिरने से हुई दुर्घटना के पश्चात उनके वारिस उर्दयाली को 16 हजार रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। यह सहायता राशि पीड़ति परिवार को आपदा की कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने के लिए शासन द्वारा प्रदत्त राहत उपायों के अंतर्गत दी गई है। स्वीकृत राशि का व्यय मांग संख्या 58 के मुख्य शीर्ष 2245 प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकलनीय होगा।

### ठंड से राहत के लिए अलाव व्यवस्था की मांग

**डोमनहिल।** यूथ कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष अशरफ अली ने चिरमिरी क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर निगम प्रशासन से सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पिछले 15 दिनों से चिरमिरी में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, इससे आम नागरिकों के साथ-साथ सड़क किनारों पर रहने वाले पशु भी प्रभावित हो रहे हैं। श्री अली ने कहा कि चिरमिरी के मुख्य चौक-चौराहों पर ठंड के कारण जानवरों की मृत्यु की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में प्रतिवर्ष नगर निगम द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती थी, परंतु वर्तमान में तथाकथित ट्रिपल इंजन सरकार के रहते भी चिरमिरी में विकास और मूलभूत सुविधाएं नदारद हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ठंड से राहत के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई तो नगर निगम का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़ती ठंड को देखते हुए शीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग प्रशासन से की है।

### सरपंचों को जल जीवन मिशन की बारीकियों पर प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र भरतपुर में नव-निर्वाचित सरपंचों के लिए आयोजित 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जल जीवन मिशन पर केन्द्रित एक अत्यंत महत्वपूर्ण सत्र संपन्न हुआ। इस सत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विशेषज्ञों ने जल जीवन मिशन योजना के संचालन और संधारण से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया। विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को छग शासन द्वारा जारी राजपत्र में वर्णित प्रावधानों की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाली हस्तांतरण प्रक्रिया, पेयजल आपूर्ति प्रणाली के प्रमाणीकरण एवं सत्यापन की अनिवार्यताओं को सरल और चरणबद्ध तरीके से समझाया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सतत, गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने में ग्राम पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञों ने जल गुणवत्ता परीक्षण की अनिवार्यता, पेयजल व्यवस्था के नियमित रख-रखाव, समुदाय की सहभागिता और जल संरक्षण की आवश्यकता पर भी विस्तृत चर्चा की।

### चरचा वेस्ट मुहाडे में बीएमएस यूनियन का धरना प्रदर्शन

# वेतन में लेटलतीफी, भड़का श्रमिकों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा आरओ वेस्ट मुहाड़े में वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी को लेकर श्रमिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। 7 दिसंबर को पांच श्रमिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन का आह्वान किया गया था, लेकिन निर्धारित दिन पर सिर्फ बीएमएस यूनियन ही मैदान में उतरी।

8 दिसंबर की सुबह लगभग 6 बजे बीएमएस यूनियन के पदाधिकारियों और काफी संख्या में कामगारों ने वेस्ट मुहाड़े पर पहुंचकर धरना देकर जोरदार नारेबाजी की और प्रबंधन के खिलाफ विरोध दर्ज किया। आमतौर पर हर महीने श्रमिकों को 2 से 3 तारीख के भीतर वेतन भुगतान किया जाता है, लेकिन इस बार 8 दिसंबर तक भी मजदूरों को वेतन प्राप्त नहीं हुआ, इससे श्रमिकों में रोष व्याप्त है तथा घरेलू खर्च एवं आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण श्रमिक संगठनों ने वेतन भुगतान में लापरवाही कर रहे प्रबंधन के खिलाफ विरोध तेज कर दिया है। सूत्रों के अनुसार एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में कामगारों का वेतन भुगतान कर दिया गया है, लेकिन बैकुंठपुर क्षेत्र में अब तक मजदूरों को भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते श्रमिकों में आक्रोश बढ़ रहा है। बैकुंठपुर क्षेत्र में कर्मचारियों के वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी के मुद्दे पर बीएमएस यूनियन ने सोमवार को एसईसीएल सहक्षेत्र प्रबंधक को 8 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। यूनियन ने चेतावनी दी है कि हर माह तय तिथि पर पगार नहीं मिलने से कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है और स्थिति जस की तस बनी रही तो धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल की राह अपनाई जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। ज्ञापन में कहा गया है कि कर्मचारियों को 2 तारीख तक वेतन मिल जाना चाहिए, लेकिन हर महीने भुगतान में देरी की जा रही है। इसके कारण कर्मचारियों का आजीविका संचालन प्रभावित हो रहा है और परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। यूनियन ने मांग की कि वेतन भुगतान सुनिश्चित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से कराया जाए। यूनियन ने ज्ञापन में चरचा आरओ के कर्मचारी सलमान को प्रबंधक द्वारा कथित रूप से अनाधिकृत निर्माण के आरोप में परेशान किए जाने का भी मुद्दा उठाया है। यूनियन ने कहा कि बैकुंठपुर क्षेत्र में अधिकांश कंपनी आवासों तथा कंपनी की भूमियों पर वर्षों से अनाधिकृत निर्माण मौजूद हैं, ऐसे में एकरूपता न अपनाकर विशेष रूप से सलमान को निशाना बनाना गलत है। यूनियन ने चेतावनी दी या तो पूरे क्षेत्र में बिना भेदभाव के एक समान कार्रवाई की जाए, अन्यथा सलमान के खिलाफ की जा रही कार्रवाई तत्काल बंद की जाए। यूनियन ने यह भी कहा गया है कि सभी कालोनियों में नाली सफाई कार्य बंद पड़ा हुआ है, इसके कारण नागरिक तथा कर्मचारी असुविधा झेल रहे हैं। यूनियन ने सफाई कार्य तुरंत शुरू कराने की मांग की। इसके साथ ही सीएचपी में ट्रेनी कामगारों से हाजिरी बाबू का कार्य कराए जाने पर भी आपत्ति जताई गई। यूनियन अनुसार पहले कार्यरत हाजिरी बाबू को अन्य कार्यों में भेजकर ट्रेनी से हाजिरी का काम लेना प्रबंधन की मनमानी और श्रमिक शोषण है। एनसीडब्ल्यू 11 समय के सेवानिवृत्त कामगारों को आज दिनांक तक एरियर, बोनस और अन्य देयकों का भुगतान न किए जाने को यूनियन ने गंभीर लापरवाही बताया और इनका भुगतान तुरंत किए जाने की मांग की। बीएमएस यूनियन ने ठेकेदारी कामगारों की उपस्थिति सेप प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित कराने और उन्हें एचपीसी भुगतान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। धरना कार्यक्रम में बीएमएस श्रमिक संगठन के यूनिट जेसीसी, केन्द्रीय कार्य समिति सदस्य जितेन्द्र श्रीवास्तव, विनोद दुबे सहित काफी संख्या में कामगार शामिल हुए।



कर्मचारियों के साथ विरोध प्रदर्शन करते श्रमिक नेता।

#### काम बंद करने दी चेतावनी

सभी श्रमिकों ने एक स्वर में कहा कि यदि भुगतान नहीं हुआ तो सभी श्रमिक काम बंद करेंगे, इसके बाद आंदोलन चरणबद्ध रूप से तेज किया जाएगा। धरना स्थल पर श्रमिकों की भारी उपस्थिति और गूंजते नारे स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि वेतन मामले पर अब समझौते की गुंजाइश कम रह गई है।

#### यूनियन की कड़ी चेतावनी

धरना स्थल पर बीएमएस यूनियन के सचिव जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा 8 दिसंबर तक भुगतान नहीं होने पर हम सभी कामगारों ने एक दिवसीय धरना किया है। यदि आज दिनांक तक श्रमिकों के खातों में वेतन नहीं आता है तो 9 दिसंबर से असहयोग आंदोलन शुरू क या जाएगा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## वन्यप्राणी शाही को फंसाकर अवैध शिकार, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

वनपरिक्षेत्र बैकुंठपुर अंतर्गत पटना वन क्षेत्र में गश्त के दौरान 4 दिसंबर को वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि वन्य प्राणी शाही का पीछा कर जाल में फंसाकर अवैध शिकार किया जा रहा है।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए देवगढ़ धाम के पास कक्ष क्रमांक आरएफ 432, वनखंड टेमरी, बीट कटकोना क्षेत्र में दबिश दी, जहां तीन आरोपियों को पकड़ा गया। मौके से शिकार में उपयोग होने वाले जाल फंदा, वायर, धारदार हथियार, कुल्हाड़ी, हांडी-बर्तन तथा सेही मांस के अवशेष बरामद किए गए। आरोपियों के विरूद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची-1 की धारा 9, 39, 50, 51 तथा बीएनएसएस की धारा 35 (3) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में रामलाल पिता मोहरसाय उम्र 29 वर्ष, जाति खैरवार निवासी नानभान थाना पटना, देवलाल पिता अमरसाय उम्र 32 वर्ष, जाति अगरिया निवासी नानभान थाना पटना, सुनील कुमार पिता हीरालाल उम्र 26 वर्ष, जाति अगरिया निवासी नानभान थाना पटना वन अपराध क्रमांक 17965/17 के तहत तीनों आरोपियों को न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय बैकुंठपुर में पेश किया गया, जहां मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें न्यायिक रिमांड पर जिला जेल बैकुंठपुर भेजने के आदेश दिए गए। इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्राधिकारी बैकुंठपुर भगन राम खेस, वनपाल श्रद्धा देवी पैकरा, वनरक्षक मनोज एक्का, दुष्यंत सिंह, राकेश कुमार पाण्डेय, अमोल साय, सुमेश्वर राजवाड़े, गेमगार्ड भूपेन्द्र कुमार व वनजीव ट्रैकरों का विशेष योगदान रहा। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी कोरिया श्री परदेशी तथा उप वनमंडलाधिकारी अखिलेश मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुई।

■ वनपरिक्षेत्र बैकुंठपुर की टीम ने की कार्रवाई

## पनिका-पनका समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बैकुंठपुर।** छग पनिका-पनका शोषित वर्ग समाज द्वारा पूर्ववत आरक्षण बहाल करने एवं समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल करने की मांग को लेकर 8 दिसंबर को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन महामहिम राज्यपाल छग शासन, मुख्यमंत्री छग शासन तथा प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली के नाम संबोधित है। समाज के सदस्यों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि पनिका-पनका समाज ऐतिहासिक रूप से उपेक्षित व शोषित वर्ग रहा है, अतः उन्हें पुनः पूर्ववत आरक्षण प्रदान कर अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने की मांग न्यायोचित है। प्रतिनिधियों ने शासन से मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा व्यक्त की। ज्ञापन सौंपने के दौरान सोनहत, बचारापोड़ी, बैकुंठपुर, पटना, पिपरा, मझगवां, जामपारा, बर्दिया, घुघरा, रजौली, तंजारा, पोड़ी, पुसला, कछार, गिरजापुर, जमड़ी, आनंदपुर, बुढ़ार, कसरा, तंजरा, तरगवां, खोड़री सहित अनेक ग्रामों के स्वजाति बंधु उपस्थित रहे। इस दौरान सत्यनारायण गोयन, सुकुल मरई, रमेश पड़वार, हुकुमचंद, जागेश्वर टांडिया, अहिबरन बघेल, अमित कुमार चिकनजुरी, विजय बघेल, गोरेलाल, विनोद कुमार गायग्वाल, भागीरथी वस्त्रकार, रामकृष्ण बघेल, नरेश कुमार बघेल, उजित प्रसाद, शिवचरण चिकनजुरी, शिवचरण लाल तांजे, संतोष कुमार गोयन, शिवप्रसाद, बालकृष्ण, प्रयास कुमार, सूरज लाल, विजय कुमार, बंशजीवन, रमेश कुमार, संतोष, विशाल देवांगन, खिलेश्वर बघेल, बच्चालाल, मोतीलाल खांडे, विजय कुलदीप, गुलाबचंद, गुलाब राम, विनोद कुमार, सहाल आदि उपस्थित रहे।

■ पूर्ववत आरक्षण बहाली व एसटी में शामिल करने की मांग

### नपा में पकड़े गए कुत्तों की होगी नसबंदी

**बैकुण्ठपुर।** सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के बाद देशभर में आवारा कुत्तों के प्रबंधन को लेकर नगर निकाय सक्रिय हो गए हैं। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आवारा कुत्तों को पकड़ने का विशेष अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी संजय दुबे के नेतृत्व में की गई। पालिका टीम द्वारा पकड़े गए कुत्तों को पशुपालन विभाग के सहयोग से सुरक्षित तरीके से ले जाया जा रहा है, जहां उनकी नसबंदी, टीकाकरण और आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य शहर में बढ़ रहे कुत्तों की अनियंत्रित संख्या को रोकना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### 11 सदस्यीय हाथियों का दल कर रहा विचरण

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर क्षेत्र से हाथियों के 11 सदस्यीय दल 8 दिसंबर को मनेन्द्रगढ़ वन मंडल के वन परिक्षेत्र बिहारपुर क्षेत्र में विचरण करते नजर आए। इस क्षेत्र में हाथियों के दल के द्वारा किसी तरह के कोई नुकसान करने की खबर सामने नहीं आई है। वन विभाग का मदानी अमला हाथियों के दल पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाकर रखने एवं हाथियों को छेड़छाड़ नहीं करने की समझाईस दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 11 सदस्यीय हाथियों का दल बीते कुछ दिनों से कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर के वन परिक्षेत्र देवगढ़ क्षेत्र में विचरण करते रहा और इस दौरान कई क्षेत्रों में किसानों के धान फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ पशुधन को भी घायल कर दिया था, वहीं एक व्यक्ति को भी घायल कर दिया था।

## मनरेगा श्रमिकों ने उत्साह के साथ मनाया रोजगार दिवस

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार रविवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा प्रावधानों के अनुरूप रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन इसलिए विशेष रहा, क्योंकि मनरेगा श्रमिकों ने स्वयं पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड स्कैन कर सभी कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



डिजिटल तकनीक से जुड़े श्रमिकों का यह उत्साह ग्रामीण व्यवस्था में एक सकारात्मक संदेश दे रहा है कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं अब पूरी तरह पारदर्शी, सुलभ और साक्ष्य-आधारित हो रही हैं। मनरेगा प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रतिमाह 7 तारीख को रोजगार दिवस मनाया जाता है। इस दिन श्रमिकों से संवाद, जानकारी साझा करना तथा योजना संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। रोजगार दिवस के अवसर पर पंजीकृत श्रमिकों को कार्य की मांग करने, मजदूरी भुगतान की स्थिति जानने, बैंक खाते से संबंधित विवरण प्राप्त करने, जॉब कार्ड आवेदन या संशोधन कराने जैसी सुविधाएं प्रदान की गइं। ग्राम पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड पारदर्शिता को नए स्तर पर ले जा रहे हैं। इस आयोजन में हजारों श्रमिकों ने अपने पंचायत के सभी मनरेगा कार्यों की जानकारी मोबाइल से स्कैन कर प्राप्त की, ग्रामवासियों को भी डिजिटल जानकारी प्राप्त करने के तरीके बताए गए, तकनीकी सहायकों ने क्यूआर कोड के उपयोग और महत्व पर विस्तार से समझाया। सीईओ जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले के सभी एपीओ, जनपदों के कार्यक्रम अधिकारी तथा तकनीकी सहायक आयोजित रोजगार दिवस में सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए।

## जवानों के त्याग और बलिदान से ही हम सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागृह बैकुंठपुर में सादगी और गरिमा से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश की रक्षा में जुटे सैनिकों के अदम्य साहस व अनुकरणीय बलिदान को नमन किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी नागरिक आज सुरक्षित जीवन जी पा रहे हैं तो इसका श्रेय हमारे सेना और सुरक्षा बलों के जवानों को जाता है। उनका त्याग केवल उनका अपना नहीं, बल्कि पूरे परिवार का त्याग होता है। कड़ाके की ठंड हो, बारिश हो या भीषण गर्मी हमारे जॉबाज सैनिक राष्ट की सेवा में हर पल तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि जवानों का समर्पण न केवल राष्ट की रक्षा करता है बल्कि नागरिकों के जीवन और भविष्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम में लेफ्टिनेन्ट कर्नल जितेन्द्र कुमार देवांगन (से.नि.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, डिप्टी कलेक्टर डीडी मंडावी, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा क्षेत्र के प्रसिद्ध सैन्य-गाथा कवि जीपी नेमा, सुबेदार सुनील कुमार सिंह, भूतपूर्व सैनिक और वीर नारियों का लेपल पिन लगाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारी, पूर्व सैनिकों, शहीद परिवारों की विधवाओं, सेवारत सैनिकों एवं उनके आश्रितों को ध्वज लगाकर सम्मानित किया गया।

बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी अधिक अर्थपूर्ण बनाया। सभी अतिथियों ने सैनिकों के अद्वितीय साहस, अनुशासन और बलिदान को सलाम करते हुए उनके प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।

■ सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर हुआ आत्मीय संवाद और सम्मान समारोह



## कार्यकुशलता से आवास निर्माण में आएगी तेजी



**बैकुण्ठपुर।** जिले में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य को गति देने तथा राजमिस्त्रियों की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से रूरल मेसन ट्रेनिंग का नया सत्र से आरंभ हुआ। राज्य शासन के निर्देशानुसार शुरू हुए इस प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने आरसेटी पहुंचकर किया।

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह अवसर न केवल श्रमिकों के कौशल को विकसित करेगा, बल्कि गांवों में आवास निर्माण की गति को भी बढ़ाएगा। मनरेगा के तहत अब श्रमिकों को केवल अकुशल श्रम तक सीमित नहीं रखा जा रहा है, बल्कि उनकी कार्यक्षमता और आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए विभिन्न ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत चयनित 35 श्रमिकों को एक माह का निःशुल्क राजमिस्त्री प्रशिक्षण आरसेटी में दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए सोनहत जनपद पंचायत के तीन ग्राम पंचायतों मधौरा से 16, लटमा से 15 एवं कटगोड़ी से 4 मनरेगा पंजीकृत अकुशल श्रमिक युवाओं का चयन किया गया है। प्रशिक्षण पूरा होने पर ये युवा प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य निर्माण कार्यों में दक्षता के साथ योगदान दे सकेंगे। प्रशिक्षण सत्र के आरंभ में डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि मनरेगा श्रमिकों की मेहनत और अनुभव को अब कौशल के साथ जोड़ा जा रहा है ताकि वे अकुशल श्रम से आगे बढ़ते हुए अपने भविष्य को बेहतर बना सकें।

■ अकुशल श्रम करने वाले श्रमिकों का रूरल मेसन प्रशिक्षण

### कचहरीपारा बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

# हिंदुत्व केवल आस्था नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान




सम्मेलन को संबोधित करते सहक्षेत्र प्रचारक प्रेमशंकर सिदार।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**बिलासपुर।** जिला मुख्यालय में सोमवार को कचहरीपारा बस्ती में अभ्यास शाला प्रांगण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से सहक्षेत्र प्रचारक, केन्द्र जबलपुर प्रेमशंकर सिदार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन में अपने उद्बोधन के दौरान श्री सिदार ने कहा कि हिंदुत्व केवल आस्था नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान है। राष्ट का आधार हमारी परंपराएं, मूल्य और सनातन विचारधारा रही है। आज समय है कि युवा अपनी संस्कृति और सभ्यता को समझें तथा गर्व के साथ संजोए। उन्होंने समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए धर्म एवं संस्कृति संरक्षण पर जोर दिया। धर्मांतरण विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक रहने की आवश्यकता है तथा किसी भी प्रकार के परिवर्तन के प्रति विचारपूर्वक निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हर घर में सामूहिक आरती होनी चाहिए, इसके साथ ही सामूहिक भोजन भी करना चाहिए। हिन्दु सम्मेलन को श्रीमती मंजू जीवनानी ने भी संबोधित किया, उन्होंने धर्म, राष्ट और सामाजिक एकता पर केन्द्रित विचार प्रस्तुत किए गए। उपस्थित जनसमूह ने वक्तव्य का स्वागत किया एवं संस्कृति संरक्षण के संकल्प के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

समारोह में प्रमुख रुप से नरेश सोनी, रामजी नामदेव, बाबा पांडे, रुप नारायण पाण्डेय, डॉ.गौरवकांत बड़ेरिया, रविकांत, विनीत मिश्रा, महेन्द्र सोंधिया, देवेन्द्र तिवारी, शैलेन्द्र शर्मा, सीटू अग्रवाल, शारदा गुप्ता, तीरथ राजवाड़े सहित कचहरीपारा के स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।

## लिंग आधारित हिंसा समाप्ति के लिए जागरूकता अभियान

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के दिशा-निर्देश तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सोमवार को बैकुंठपुर स्थित चाइल्ड लाइन कार्यालय में स्वास्थ्य मितानिनों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई स्वास्थ्य मितानिन कार्यकर्ताओं को लिंग आधारित हिंसा, उससे जुड़ी कानूनी दंड प्रक्रिया, हिंसा के कारण, तथा रोकथाम के व्यावहारिक उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उद्देश्य यह रहा कि मितानिनें समुदाय में महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों के साथ होने वाली हिंसा की पहचान कर सकें तथा पीड़तों को उचित सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध करा सकें। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को महिलाओं एवं किशोरियों से संबंधित प्रमुख अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाएं, शक्ति सदन की भूमिका, अनैतिक मानव व्यापार से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रावधान आदि विषयों की जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### शासकीय महाविद्यालय में समरसता दिवस मनाया गया

**बिश्रामपुर।** भारत रत्न और भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बिश्रामपुर द्वारा शासकीय नवीन महाविद्यालय में समरसता दिवस गरिमापूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षक गतिविधि रंगोली प्रतियोगिता रही,छात्र-छात्राओं ने संविधान, सामाजिक न्याय, समानता, शिक्षा, राष्ट्रनिर्माण और अंबेडकर के प्रेरक संदेशों को रंगों में सजाकर अद्भुत कलाकृतियां पेश की, संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि युवा पीढ़ी इस तरह की प्रतियोगिताओं से न केवल अपनी कला दिखाती है बल्कि सामाजिक मूल्यों को भी जीवंत बनाती है,रंगोली प्रतियोगिता के बाद अभाविप की ओर से विजेताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अभाविप बिश्रामपुर के नगर मंत्री रितेश यादव ने कहा कि 6 दिसंबर 1956 को पंचतत्व में विलीन हुए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का निर्माता ही नहीं, बल्कि दलित, शोषित, वंचित और मजदूर वर्ग के अधिकारों के सबसे बड़े संरक्षक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर ने जीवन भर सामाजिक भेदभाव मिटाने, शिक्षा के प्रसार और महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, समरसता दिवस हमें याद दिलाता है कि समानता और न्याय के बिना राष्ट्र की प्रगति नहीं हो सकती है।

### अरहर की फसल के प्रति लोगों जागरूक करने दिया गया प्रशिक्षण



**सीतापुर।** आदिवासी उप योजना अंतर्गत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय सीतापुर मैनपाट द्वारा ग्राम मंगरेलगढ़ में अरहर फसल का अग्रिम पंक्ति फसल प्रदर्शन एवं प्रक्षेत्र दिवस सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजेश चौकसे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को दलहन फसल का उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। क्योंकि हमारा देश विश्व मे सबसे ज्यादा दलहन उत्पाद करने वाला देश है फिर भी 20-25 प्रतिशत खाने का दाल आयात करना पड़ता है। आईजीकेवी की एक्रिप योजना प्रभारी डॉ. मयूरी साहू ने बताया कि अखिल भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर में यह योजना संचालित है। यह संस्थान दालों पर अनुसंधान करने वाला देश का एकमात्र दलहन केंद्र है जो नई किस्म को विकसित करने एवं किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आईजीकेवी रायपुर एवं इस योजना से जुड़ी सदस्य डॉ. नियति पांडेय कीट वैज्ञानिक ने जानकारी देते हुए कहा कि अरहर फसल में कीट रोग अधिक होते हैं जिससे बचाव के लिए अधिक ध्यान देने की जरूरत पड़ती है। उन्होंने सभी कीट रोगों के समाधान के बारे में विस्तार से बताया। अरहर के फली भेदक के रोकथाम के लिए फफूंदीनाशक दवा कार्बन्डाजीम एवं बोरान निर्धारित मात्रा में मिश्रण कर अरहर के फसल में छिड़काव करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप लकड़ा द्वारा किया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र मैनपाट के वैज्ञानिक डॉ. सुरजचंद्र पंकज संतोष साहू समेत संस्था के कर्मचारी एवं क्षेत्र से आये किसान उपस्थित थे।

## चार साल बाद भी ग्रामीणों को नसीब नहीं हो सका शुद्ध पेयजल

# नल-जल योजना से वंचित ग्राम पंचायत रघुनाथनगर के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रघुनाथनगर

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके इसके लिए केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना नल जल योजना अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन का विस्तार कर घरो में नल कनेक्शन लगाए जा रहे है। हैरानी की बात यह है कि ग्राम रघुनाथनगर क्षेत्र में कार्य प्रारंभ हुए चार साल होने को है और नल कनेक्शन तथा चबूतरा बनाने के बावजूद पानी सप्लाई नहीं होने के कारण ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित है। ऐसे में ठेकेदार की मनमानी व अधिकारियों की उदासीनता रवैया का खामियाजा ग्रामीणों न सिर्फ भुगतना पड़ रहा है। लंबे समय बाद भी नल जल योजना के तहत कार्य पूरा नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

**खास बात**

- घर के सामने बनाए गए चबूतरा व नल हो गए क्षतिग्रस्त

ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने का सपना अधूरा नजर आ रहा है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों में काम लगभग चार साल पूर्व से ही शुरू कर दिया गया है लेकिन अधिकारियों के निष्क्रियता एवं ठेकेदारों के मनमानी रवैया के कारण आज तक ग्रामीणों के घरों तक पेयजल के लिए नल की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। इधर ग्रामीण घटिया निर्माण व कछुआ गति से चल रहे काम को लेकर काफी आक्रोशित है। सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ ब्लाक में कही भी किसी पंचायत में सही ढंग से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। गौरतलब है कि रघूनाथनगर क्षेत्र में आज तक काम पूरा नहीं हो सका जिससे आधे-अधूरे काम होने से क्षेत्र के ग्रामीण नल जल योजना का लाभ से वंचित है। ग्राम रघूनाथनगर क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व 98.45 लाख की लागत से निर्माण शुरू किया गया था जो ठेकेदार के लापरवाही से अब तक पूरा नहीं हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम रघुनाथनगर में नल जल योजना के तहत हर घर को पानी उपलब्ध कराने के लिए टंकी तो बनी परंतु नल जल योजना ग्रामीणों के घर तक नहीं पहुंच पाई।

विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार की मिलीभगत ने इस योजना का पलीता लगा दिया गया है। सरपंच पति की माने तो पीएचई विभाग के ठेकेदार एवं पीएचई अधिकारियों ने जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार किया है। जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



क्षतिग्रस्त चबूतरा व नल।

**ग्रामीणों ने की पेयजल सप्लाई करने की मांग**

क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि घर के सामने नल जल योजना के तहत नल व चबूतरा तो बनाया गया है लेकिन आज तक शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हुआ। ऐसे क्षेत्र के लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। पूर्व में इस संबंध में कई बार शिकायत की गई लेकिन आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं हुई। ग्रामीणों ने नल जल योजना के तहत बनाई गई टंकी से पेयजल सप्लाई शुरू करने की मांग की है जिससे लोगों को घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

**चबूतरा व नल हुए क्षतिग्रस्त**

विकासखंड वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम रघुनाथनगर क्षेत्र में नल जल योजना का काम शुरू होने तथा घरों के सामने नल के साथ चबूतरा का निर्माण करने से ग्रामीणों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने की आस जगी। हैरानी की बात यह है कि चबूतरा के साथ नल तो लगा दिया गया परंतु पेयजल सप्लाई नहीं होने से चबूतरा महज शो पीस बन कर रह गई है। आलम यह है कि अब ग्रामीणों के घर के सामने बनाए गए चबूतरा व लगाए गए नल उपयोग नहीं होने अब पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

**गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य**

जल जीवन मिशन योजना के तहत अधिकांश गांवों में जो काम चल रहा है। ग्रामीणों ने कराए जा रहे निर्माण को न सिर्फ घटिया बताया कि बल्कि गुणवत्ताहीन कराने का आरोप लगाया है। पानी सप्लाई के लिए बन रहे पानी टंकी,नल कनेक्शन एवं पाईप के गुणवत्ता को लेकर गांव के लोग असंतुष्ट है।



## जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

शासकीय लरंग साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक एसबी यादव एवं सहसंयोजक वेद कुमार पैकरा ने किया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हीरामुनी निकुंज ने जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पूर्वजों की विरासत हमारी सामाजिक और आध्यात्मिक धरोहर है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना सभी की जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि जनजातीय समाज प्रकृति के साथ सह अस्तित्व का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने महाविद्यालय की स्थापना में जनजातीय समुदाय के योगदान को रेखांकित करते हुए 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में जनजातीय प्रेरणा को महत्वपूर्ण बताया। जिला पंचायत सदस्य श्री मुंशी राम ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा में जनजातीय समाज की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित किया। जनभागीदारी प्रबंधन समिति अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता ने महाविद्यालय के विकास में जनजातीय पूर्वजों व जनप्रतिनिधियों के योगदान को स्मरण किया, वहीं सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को सतत प्रगति के लिए प्रेरित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तारावती सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल – एम.डी.जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS, DCH, DNB – शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS, DNB Ortho – हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया – MBBS, MS(General Surgeon) – जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती – MBBS, MS – हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित – MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) – हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. नताशा शर्मा – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले – MS, ENT
डॉ. भावना गार्डिया – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा – एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता – MD ONCO – कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता – श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता – MBBS, DCH मुंबई – शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य – जनरल फिजिशियन
डॉ. समीर श्रीवास्तव – हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. रिषभ गुप्ता – किडनी रोग विषेशज्ञ
डॉ. राहूल शामकांत जाधव – एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी – मूत्र रोग विषेशज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता – न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव – आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि – BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) – दंत एवं मुख विषेशज्ञ
डॉ. हेमलता साहू – फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## सेंट जेवियर्स स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 23 वां वार्षिक क्रीड़ा उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सेंट जेवियर्स स्कूल में शुक्रवार को 23वां स्थापना दिवस एवं संत फ्रांसिस जेवियर स्कूल दिवस के अवसर पर वार्षिक क्रीड़ा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा उपस्थित रहीं।

फा. मिखाएल एक्का ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से सम्मान किया। झंडोत्तोलन, चारों हाउस के शानदार मार्च-पास्ट तथा मुख्य अतिथि द्वारा खेल महोत्सव के औपचारिक उद्घाटन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। स्कूल कैबिनेट के खेल नायक-नायिकाओं को मुख्य अतिथि ने प्रज्वलित मशाल सौंपकर खेल महोत्सव का शुभारंभ कराया। विद्यालय के प्राचार्य फादर सेबास्तियन तिग्गा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक उद्देश्यों और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए चल रही शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, व्यायाम और सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी नृत्य, एक्शन सॉन्ग, पी.टी., योगा, एरोबिक डांस और देशभक्ति प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। खेल स्पर्धाओं में बलून रेस, पोटैटो रेस, सैक रेस, स्पून रेस, रिले रेस, बांस दौड़, 50–400 मीटर दौड़ और रस्साकस्सी जैसी प्रतियोगिताओं ने उत्सव में रोमांच भर दिया। फादर आदेश लकड़ा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री शिवनाथ यादव, नपं अध्यक्ष धरम सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रवीण कुमार अग्रवाल, पार्षद राजन त्रिपाठी तथा सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रभारी प्रबंधक फादर कोर्नेलियुस एक्का, स्कूल प्रबंधन से अनुप एक्का, प्रशांत किस्पोटा, सुश्री सुनीता एक्का, सुमनसाय, अमोल कुमार मारकाम सहित अन्य मौजूद थे।



### कर्रा में आयोजित रासेयो शिविर का समापन

**राजपुर।** विकासखंड के ग्राम पंचायत कर्रा में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर का समापन में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष विनय भगत की उपस्थिति में किया गया। यह शिविर 2 दिसम्बर से प्रारंभ होकर विविध गतिविधियों, बौद्धिक परिचर्चाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों पर केंद्रित रहा। शिविर के पहले दिन उद्घाटन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कर्रा की सरपंच श्रीमती जयंती कुजूर मुख्य अतिथि रहीं। दूसरे दिन की बौद्धिक परिचर्चा में ग्राम के युवा नेता श्री सरकार ने स्वयं सेवकों को प्रेरित किया। तीसरे दिन नव-चयनित डीएसपी सुश्री मंजू सिंह ने युवा शक्ति और अनुशासन पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। चौथे दिन डीएवी पतरातू प्राचार्य आशुतोष झा तथा ललित किशोर ने व्यक्तित्व विकास और खेल भावना पर विचार रखे। पांचवें दिन हेल्थ सुपरवाइजर श्रीमती शांति रोहित भगत एवं थाना प्रभारी राजपुर भारद्वाज ने स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा पर प्रभावी चर्चा की। छठवें दिन अनुज कुमार दुबे, समन्वयक पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सेवा तथा शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। सातवें दिन आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि विनय भगत तथा विशिष्ट अतिथि शशिकला भगत, रवि प्रताप मरावी, उषा किरण तिर्की, डॉ. जीतन राम पैकरा, आशुतोष झा, अगस्तुस टोप्पो सहित अन्य शामिल रहे।

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 07 दिसंबर 2025, रविवार
डॉ.आकाश गर्ग – एमबीबीएस, डीएनबी (मेडिसिन) डीएनबी (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी) गैस्ट्रो- इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ
डॉ.निहार गुप्ता – MBBS, M.S., M.CH (Hematologist) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन – MBBS, M.S., M.CH (Neuro Surgeon) न्यूरोसर्जन
डॉ.विनय कुमार ए.वी. – एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी किडनी रोग विशेषज्ञ

## करंजी रेलवे कोल साइडिंग को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग

**बिश्रामपुर।** करंजी रेलवे साइडिंग से उठ रहे कोल डस्ट अब ग्रामीणों के लिए एक गंभीर संकट बन चुका है। गांव से मात्र 150–200 मीटर की दूरी पर संचालित इस कोल साइडिंग में प्रतिदिन ट्रक,ट्राला और हाइवा से कोयले का भारी परिवहन होता है,इसके बाद यहां कोयले की लोडिंग–अनलोडिंग का काम होता है, जिसके दौरान उठने वाला काला गुब्बार पूरे करंजी ग्राम पर मौत का साया बनकर छा रहा है, इससे परेशान होकर आक्रोशित द्वारा सप्ताह भर से कोल परिवहन कार्य को बंद कराते हुए विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

- पंचायत प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

सुरजपुर जिला मुख्यालय के प्रवास पर सोमवार को आए डिप्टी सीएम अरुण साव को पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन देकर कोल परिवहन को बंद कराए जाने की मांग की गई है,डिप्टी सीएम अरुण साव को दिए ज्ञापन में ग्राम पंचायत करंजी की सरपंच कुसुम कुंवर और उपसरपंच उर्मिला यादव ने उल्लेख किया है कि लोकहित में करंजी कोल साइडिंग को बंद कर अन्यत्र स्थानांतरित किया जाना उचित होगा,जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट उल्लेख किया है कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि गांववासियों का धैर्य जवाब दे रहा है,यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो हमें उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा,कोल साइडिंग संचालन में कोल डस्ट व सड़क से उड़ती धूल के रोकथाम की अब तक कोई स्थाई व्यवस्था नहीं हो पाई है,न यहां नियमित पानी का छिड़काव हो रहा है और न ही डस्ट कंट्रोल सिस्टम है,ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि बच्चों और बुजुर्गों में खांसी,सांस फूलना, दमा जैसी परेशानियां को संख्या तेजी से बढ़ रही हैं,ग्राम के आसपास लगभग 100 हेक्टेयर खेती कोल डस्ट से बर्बाद हो रही है,फसलों की पत्तियां काली पड़ रही हैं और उपज में भारी गिरावट हो चुकी है,कोल डस्ट में मौजूद सिलिका के कारण सिलिकोसिस और कोयले की महीन धूल से न्यूमोकोनियोसिस जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा बना हुआ है,यदि कोयले में एस्बेस्टॉस की मिलावट पाई गई तो इससे एस्बेस्टॉस पॉइजनिंग जैसी लाइलाज बीमारी का खतरा भी हो सकता है,सरपंच ने आवेदन में उल्लेख किया है कि माइंस एक्ट 1952,माइन रूल्स 1955 और कोल माइंस रेगुलेशन 2017 में ऐसे प्रदूषण को रोकने के स्पष्ट प्रावधान हैं,लेकिन करंजी साइडिंग में इनका पालन होने की बजाय अवहेलना की जा रही है, साथ ही संविधान के अनुच्छेद 21 के मुताबिक स्वस्थ व गरिमामय जीवन हर नागरिक का अधिकार है, लेकिन यहां ग्रामीण इस अधिकार से वंचित हो रहे हैं, जनप्रतिनिधियों ने बताया कि उन्होंने कलेक्टर सूरजपुर, पर्यावरण अधिकारी अंबिकापुर और खनिज अधिकारी सूरजपुर को पहले ही आवेदन दे चुके हैं,पर्यावरण अधिकारी की जांच में साइडिंग संचालक के पास कोई भी वैध अनुमति-पत्र या दस्तावेज नहीं मिला,जिसकी पंचनामा प्रति ग्रामीणों ने आवेदन में संलग्न की है। बावजूद इसके साइडिंग संचालन अब तक जारी है,जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है,सरपंच और उपसरपंच ने उप मुख्यमंत्री से मांग किया है कि करंजी रेलवे साइडिंग को तत्काल बंद कर, किसी सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए और जब तक यह न हो, तब तक सभी प्रदूषण नियंत्रण मानकों को सख्ती से लागू कराया जाए।



सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 19 दिसम्बर 2025 दिन -शुक्रवार
सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
दूरबीन से स्पाईन, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध
दिनांक 21 दिसम्बर 2025 दिन - रविवार
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर में झुनझुनी
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500, +91 72408 02000
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
दिनांक 19 दिसंबर 2025 दिन - शुक्रवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 21 दिसम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट - डॉक्टर माह के तीसरे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 13 दिसंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक -20 दिसम्बर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000


आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 14 दिसम्बर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

(हृदय रोग विशेषज्ञ)
डॉ.अभिषेक कौशले
एम.बी.बी.एस. (सिम्स), एम.डी. (मेडिसिन) एम.जी.एम.एम.सी. इंदौर, डी.एन.बी. (मेडिसिन), एन.बी.ई.न्यू दिल्ली एंड डी.एम. (हृदय रोग) गोल्ड मेडल (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय)
दिनांक - 21 दिसम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11 से 2.30 बजे तक
हृदय संबंधित रोग के लक्षण
• सीने में दर्द एवं जकड़न • सांस लेने में तकलीफ • चलने में थकान लगना • चक्कर व बेहोशी • पैरों में सूजन • बच्चों में जन्मजात हृदय रोग
एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर, सीआरटी
यशोदा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
खरसिया नाका, भारत माता चौक, रिंग रोड श्री लक्ष्मी हॉटल के पास अम्बिकापुर
अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु संपर्क करें।
07774-319760, 8602490055, 7777879370

## खबर संक्षेप



### एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया ग्राम सम्पर्क जागरूकता अभियान

**सलका-अघिना।** सुरक्षित पारा कार्यक्रम अंतर्गत यूनिसेफ एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अघिना एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका के एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अघिना-सलका की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रीता गिरी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका के कार्यक्रम अधिकारी सुनील चक्रधारी के नेतृत्व में 5 से 8 दिसंबर तक चयनित ग्रामों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। यूनिसेफ से प्रशिक्षित स्वयंसेवक बालक बालिकाओं को स्वच्छता, नशा मुक्ति, पोषण, लैंगिक हिंसा से सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार परिवर्तन, शिक्षा के संबंध में नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, दीवार लेखन, पोस्टर, कविता, गीत एवं नारों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। भैयाथान विकासखंड के ग्राम पंचायत अघिना, सलका, केवटाली एवं कसकेला में स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया कि स्वच्छता सिर्फ साफ -सुथरी जगह का नाम नहीं,बल्कि हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण और समाज की नींव है। हम अपने आसपास को स्वच्छ रखेंगे तो हैजा डायरिया टाइफाइड और डेंगू जैसी बीमारियां से बचाव होगा। स्वयंसेवकों ने बताया कि कचरा खासकर प्लास्टिक नदियों जंगलों और मिट्टी को प्रदूषित करता है जिससे पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचता है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों ने बताया कि घर से थैला लेकर बाजार जाना चाहिए और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना चाहिए। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रीता गिरी ने इस अभियान रूपरेखा और कार्य योजना की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम संपर्क अभियान योजना अंतर्गत भैयाथान के कुल चार ग्राम पंचायतों सलका,अघिना, केवटाली एवं कसकेला को चयनित किया गया है।

### जनपद सभा कक्ष में हुई विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक




**भैयाथान।** जनपद सभा कक्ष भैयाथान में जिला मिशन समन्वयक मनोज कुमार साहू के निर्देशन में शिक्षा विभाग की विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान में संचालित प्रमुख योजनाओं सामाजिक अंकेक्षण, बोर्ड परीक्षा तैयारी, मध्यान्ह भोजन संचालन, विज्ञान विषय का 5 दिवसीय प्रशिक्षण, अपार डी-ग्रेड स्कूलों का निरीक्षण सहित अन्य गतिविधियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिला मिशन समन्वयक ने सभी संकुलों से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी फुलसाय माराबी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक सुरेन्द्र दुबे, एपीसी सुरविंद गुर्जर तथा सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, समयबद्ध कार्ययोजना और विद्यालयों में नियमित निरीक्षण पर विशेष जोर दिया गया।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से बाल-बाल बचे लोग



**सलका-अघिना।** साप्ताहिक बाजार में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब अनियंत्रित हुए तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार अंबिकापुर के समीप के कुछ शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सलका अघिना के आस पास स्कूलों में पदस्थ है। हर रोज स्कूलों आने जाने के लिए शिक्षक अंबिकापुर से स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 डीटी 1553 बुक कर ड्यूटी करने आए थे। हर रोज की भांति आज भी शिक्षक व शिक्षिकाएं स्कॉर्पियो से स्कूल ड्यूटी करने आए। चालक सनी दास आ. रमेश दास शिक्षकों को स्कूल में छोड़ने के बाद वाहन से घूमने चला गया इस बीच चालक इधर उधर घूम घूमने तथा शराब पीकर स्कूल की छुट्टी होने पर वापस स्कूल आने लगा। चालक वाहन काफी तेज गति से चला रहा था जिससे मुख्य मार्ग में कई लोग वाहन की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। वहीं स्कूल के समीप मुख्य मार्ग पर पंकज अग्रवाल के दुकान के बगल में जा टकराया जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों का कहना है कि कई लोग वाहन की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना लोगों ने भटगांव थाने में दी जिसके बाद पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर वाहन को जब्त किया है।

### स्व. गणेश प्रसाद की 15 वीं पुण्यतिथि पर किया गया फल वितरण

**अम्बिकापुर।** शहर के डीसी रोड निवासी स्वर्गीय गणेश प्रसाद वर्मा की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज परिवार एवं मित्रों द्वारा उन्हें स्मरण करते



श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही माँ महामाया मंदिर में फल एवं मिष्ठान वितरण किया। कार्यक्रम में रवि किशोर सिन्हा, श्रीमती लीला सिन्हा, सुरेंद्र वर्मा, आलोक श्रीवास्तव, विकास सिन्हा, शिवानी सिन्हा, आयुषी सिन्हा एवं परिवार के अन्य सदस्यों अलावा बड़ी संख्या में उनके मित्र उपस्थित रहे।

## एक पखवाड़े से विभाग चला रहा अभियान

# ग्रामीण विद्युत संभाग का बकाया राजस्व पहुंचा 150 करोड़, वसूली में जुटी 15 टीमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कोरोना काल में बिगड़ी बकाया राजस्व की स्थिति अब तक नहीं सुधर पाई है। लगातार विभाग का बकाया बढ़ रहा है जिसका असर विभाग की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा है।

**खास बात**

- बकाएदारों को मुनादी करा दी जा रही बकाया भुगतान की सूचना

शासन की सख्ती के बाद अब बकाया राजस्व को वसूलने अधिकारी गांव-गांव में भ्रमण कर रहे हैं तथा बकाया राजस्व का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की बिजली काट रहे हैं।

ग्रामीण विद्युत संभाग का बकाया राजस्व दो साल में बढ़कर 150 करोड़ पहुंच गया है। शासन ने लगातार बढ़ रहे बकाया राजस्व पर अंकुश लगाने के साथ ही शत-प्रतिशत राजस्व को वसूलने का निर्देश दिया है। शासन के निर्देश पर विभाग की 15 टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में वसूली अभियान चला रही है। विभाग की सख्ती के बाद उपभोक्ता बिजली बिल नहीं मिलने एवं पूर्व में इस संबंध में सूचना नहीं देने का बहाना बना रहे हैं। विभाग की टीमें बकाएदारों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने के साथ ही गांव-गांव में मुनादी करा तत्काल बकाया राजस्व भुगतान करने की सलाह दे रहे हैं। प्रारंभ में विभाग की टीमें औद्योगिक, व्यवसायिक एवं घरेलू कनेक्शन के बड़े बकाएदारों से संपर्क कर रहे हैं तथा न्यूनतम आधी बकाया राशि का भुगतान करने एवं शेष राशि किस्तों में देने की भी सुविधा दे रहे हैं तथा आनाकानी करने वाले बकाएदारों की बिजली काट दे रहे हैं। विभाग की सख्ती के बाद बड़े बकाएदार बकाया राजस्व का भुगतान भी कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं पशुपालन के अतिरिक्त जीविका का कोई अन्य साधन नहीं होने के कारण विभाग आर्थिक रूप से कमजोर उपभोक्ताओं को किस्त में बकाया राशि भुगतान करने की सुविधा दे रहा है इसके बावजूद बकाएदार बकाया राजस्व भुगतान करने में रूचि नहीं ले रहे है। बड़े बकाएदारों का बकाया वसूलने के बाद विभाग छोटे बकाएदारों पर भी सख्ती करने की तैयारी में है।



बकायादार की बिजली काटते कर्मचारी।

**1850 ने रोका 12.5 करोड़**

ग्रामीण क्षेत्रों में भी औद्योगिक एवं व्यवसायिक उपभोक्ता विद्युत का नियमित उपयोग तो कर रहे हैं लेकिन राजस्व भुगतान में रूचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे बकाएदारों का बकाया बढ़कर 50 से 1 लाख रूपए तक पहुंच गया है। 1697 उपभोक्ताओं ने विभाग का लगभग 11 करोड़ रूपए रोक रखा है। इन सभी का बकाया 50 हजार से अधिक पहुंच गया है। इसी तरह 6734 उपभोक्ता 1 लाख से अधिक राजस्व के बकाएदार हैं तथा विभाग का 1.87 करोड़ रूपए रोक रखे हैं। 69 औद्योगिक बकाएदारों पर 4.87 करोड़ वहीं गैर घरेलू 75 उपभोक्ताओं पर 50 लाख वहीं 14 लोगों के पास 26 लाख रूपए बकाया है। विभाग बड़े बकाएदारों की बिजली काटकर बकाया वसूल रहा है। विभाग की टीमों ने एक पखवाड़े के अपने प्रथम अभियान में 320 बकाएदारों से 78.52 लाख का बकाया वसूलने में सफलता पाई है। विभाग बकाया वसूलने अब सख्ती बढ़ाने की तैयारी में है।

**47 फीसदी नहीं कर रहे भुगतान**

यह जानकर हैरानी हो सकती है ग्रामीण क्षेत्र के मात्र 53 फीसदी उपभोक्ता नियमित विद्युत बिल की राशि का भुगतान कर रहे हैं जबकि 47 फीसदी उपभोक्ता वर्षों से विद्युत राजस्व का भुगतान नहीं कर रहे हैं। ऐसे बकाएदारों को भ्रम है कि उनका बकाया राजस्व माफ हो जाएगा। अधिकारी ऐसे बकाएदारों को किस्त में बकाया भुगतान की सुविधा दे रहे है ताकि ऐसे लोगों में बिजली बिल भुगतान करने की आदत विकसित हो सके। अधिकारी ऐसे लोगों को विभाग के नियमों, भविष्य में संभावित विभागीय कार्रवाई की भी जानकारी दे रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विद्युत खपत बढ़ रही है तथा डिमांड में भी वृद्धि हुई है। नियमित बिल राशि का भुगतान नहीं होने के कारण प्रायः हर महीने लगभग 1.5 करोड़ का बकाया बढ़ रहा है।

**की जा रही सख्ती**

शासन के निर्देश पर विभाग बकाया राजस्व वसूलने अभियान चला रहा है। शत-प्रतिशत बकाया राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बकाया राजस्व का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की बिजली काटी जा रही है।

-रोशन नागवंशी
ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग



### एनएच 343 की जर्जर स्थिति से लोगों में आक्रोश, दी चक्का जाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बलरामपुर जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 343 की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अंबिकापुर से रामानुजगंज तक के इस मुख्य मार्ग पर लंबे समय से सड़क निर्माण कार्य लंबित होने तथा विभागीय उदासीनता के कारण सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है।

- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, धूल के गुबार ने बढ़ाई परेशानी

राजपुर शहर तथा आसपास के क्षेत्रों में गड्ढों, धूल के गुबार और लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं से आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। सड़क किनारे रहने वाले लोगों से लेकर प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों तक सभी के लिए यह स्थिति गंभीर समस्या का रूप ले चुकी है। विभागीय लापरवाही के विरोध में नागरिकों ने 11 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से नवकी मोड़ में सर्वदलीय शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन एवं चक्का जाम करने का निर्णय लेते हुए एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि एनएच-343 के नव निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा पेड़ों की कटाई सहित अन्य प्रारंभिक कार्य भी संपन्न कर लिए गए हैं इसके बावजूद सड़क की मरम्मत एवं डामरीकरण का कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है। धूल की भारी मात्रा से शहर में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं और शाम होते ही सड़क पर दृश्यता कम होने से दुर्घटनाओं का खतरा और भी अधिक बढ़ जाता है। कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नागरिकों ने कहा कि सड़क निर्माण अत्यंत जरूरी विषय है। धूल और गड्ढों से न सिर्फ आमजन परेशान हो रहे हैं, बल्कि स्थानीय व्यापार भी प्रभावित है। इसलिए पक्ष-विपक्ष के सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से इस आंदोलन में सहयोग का आह्वान किया गया है। इस दौरान राजन त्रिपाठी, नीरज तिवारी, विकास बंसल, नरेश अग्रवाल, सुरेश सोनी, राजेश बंसल, कौशल चौबे, पिंटू अग्रवाल, सोनू यादव, जितेंद्र सोनी, संजय यादव, सुरेश यादव, राहुल बंसल, विश्वनाथ यादव, पंकज ठाकुर, विनोद जायसवाल, प्रिंस, सोनू सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### ओड़गी में हुआ उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत महापरीक्षा

**ओड़गी।** सभी को शिक्षा प्रदान करने राष्ट्रीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा रविवार को विकासखंड ओडगी में आयोजित किया गया जिसमें लगभग 85 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए थे। ग्राम के असाक्षर बड़े बुजुर्ग से लेकर बड़ी संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिया और दिए गए प्रश्न पत्र को समझ कर अपनी समझ विकसित की। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जा रहा कार्यक्रम है जो 15 वर्ष से बड़े उम्र के असाक्षर व्यक्तियों के बुनियादी समझ के लिए एवं उन्हें सरकार की चलाई गई योजना से जोड़ने हेतु चलाया जा रहा है। ओड़गी विकासखंड के 82 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित किया। प्रत्येक केन्द्र में विकासखंड के समस्त शिक्षकों ने अपना योगदान दिया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ओड़गी राजीव कुमार सिंह के गदर्शन में एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह तथा विकास खण्ड के समस्त जन शिक्षक बीपीओ साक्षरता मो.महमूद के नेतृत्व में सम्पन्न कराया गया।



## मानी जलाशय जीर्णोद्धार एवं खोरमा-बांकी नदी में 5 करोड़ की रिटर्निंग वॉल मंजूर



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मानी और खोरमा–कैराडांड में क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने कुल 4 करोड़ 80 लाख रुपये से अधिक की लागत वाले महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

ग्राम पंचायत मानी में स्थित जलाशय के गहरीकरण, नहर लाइनिंग और जीर्णोद्धार का भूमिपूजन विधायक पोर्ते ने किया। इस परियोजना की लागत 2 करोड़ 13 लाख रुपये है, जो क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराएगी और जल संरक्षण को नई दिशा देगी। ग्रामीणों की मांग पर विधायक पोर्ते ने 5 लाख रुपए से मंदिर मरम्मत, 15 लाख रुपए के सामुदायिक भवन, एक हैंडपंप तथा अन्य 21 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की। विधायक शकुंतला सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में प्रतापपुर विधानसभा चतुर्मुखी विकास की ओर तेजी से बढ़ रही है। विकास कार्यों में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके बाद विधायक खोरमा–कैराडांड पहुंचीं,

- कविधायक ने विभिन्न निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

जहां बांकी नदी के किनारे एनीकट के पास 2 करोड़ 67 लाख की लागत से बनने वाली विशाल रिटर्निंग वॉल का भूमिपूजन किया। यह निर्माण कार्य बरसात के दौरान होने वाले नदी कटाव को रोकेगा और किसानों की फसलों को सुरक्षा प्रदान करेगा। विधायक ने खोरमा क्षेत्र के विभिन्न आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए भी अतिरिक्त राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुकेश तायल, अक्षय तिवारी, आनंद शुक्ला, नपं अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह, अंबिका जायसवाल, अरविंद जायसवाल, सीबू सिंह, गिरीश पटेल, विक्रम नामदेव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



### अवैध रूप से खपाने ला रहे 300 बोरी धान जब्त

**राजपुर।** बलरामपुर कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशन में राजपुर प्रशासन ने अवैध धान परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है। रविवार देर रात को राजपुर एसडीएम देवेंद्र प्रधान के नेतृत्व में बरियो नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर की टीम ने अंबिकापुर से धंधापुर समिति की ओर अवैध रूप से खपाने के उद्देश्य से ले जाए जा रहे धान से भरी एक आयशर गाड़ी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि एक वाहन में बड़ी मात्रा में धान भरकर धंधापुर समिति में अवैध रूप से बेचने की कोशिश की जा रही है। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार की टीम ने वाहन का पीछा किया। लंबी दूरी तक पीछा करने के बाद ग्राम रेवतपुर के पास आयशर वाहन को रोका गया जांच में पाया गया कि गाड़ी में 300 बोरी धान लोड था, जिसका कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके पर अधिकारियों ने वाहन एवं धान को जब्त करते हुए उसे थाना राजपुर के सुपुर्द कर दिया है। धान परिवहन से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है। एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने कहा कि खरीदी सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से धान खपाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और जांच में जुड़े सभी व्यक्तियों की भूमिका स्पष्ट होते ही आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### डिप्टी सीएम ने 456 स्वच्छता दीदियों को प्रदान किया एप्रेन

**अम्बिकापुर।** सीनियर सीटीजन फोरम ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतित्य में ननि की 456 स्वच्छता दीदियों को एप्रन वितरित किया। सेनेटरी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री साव ने स्वच्छता दीदियों को एप्रेन प्रदान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास एवं स्वच्छता अह्वान का परिणाम है कि शहर को स्वच्छ रखने में स्वच्छता दीदियां अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। सीनियर सिटीजन फोरम ने स्वच्छता के क्षेत्र में कार्यरत दीदियों को एप्रेन देकर उनके उत्साह को बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने सीनियर सिटीजन फोरम के सदस्यों की सराहना की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, ननि आयुक्त डीएन कश्यप, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### वार्षिक खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने की भागीदारी

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट, शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, रस्सी दौड़, भाला फेंक, खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक, तवा फेंक, शतरंज, कैरम आदि के खेल हुए। आनंद मेला में विद्यार्थियों ने विभिन्न व्यंजन और मनोरंजक गेम प्रदर्शित किया। इस दौरान अध्यक्ष सह चेयरमेन प्रमेन्द्र तिवारी, सीएओ राकेश तिवारी, प्राचार्य डॉ.छविरानी मंडल सहित अन्य अध्यापक उपस्थित थे।



## ग्रामीणों ने शराब पीते प्रधान पाठक का बनाया वीडियो, भेजे बीईओ को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक की मनमानी से परेशान ग्रामीणों द्वारा बीईओ को कई बार शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से नाराज पंचों ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया तथा स्कूल से लापता प्रधान पाठक का ग्रामीणों के साथ शराब पीते वीडियो बनाया। सरपंच ने गांव के जनप्रतिनिधियों के साथ स्कूल निरीक्षण की रिपोर्ट एवं प्रधान पाठक का शराब पीते वीडियो बीईओ को भेजकर उसे तत्काल हटाने की मांग की है।

- बार-बार शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम करौटी ए में लम्बे समय से प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला का संचालन किया जा रहा है। सरपंच गजभोजन सिंह ने बताया कि मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक संजय सिंह मनमानी तरीके से विद्यालय पहुंचते हैं तथा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के बाद स्कूल से बाहर निकल जाते हैं। प्रधान पाठक किसी ग्रामीण के घर में शराब पीते नजर आते हैं तथा नशे में कही भी गिरकर घंटों पड़े रहते हैं। प्रधान पाठक की मनमानी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है साथ ही स्कूल का वातावरण भी खराब हो रहा है। सरपंच ने पूर्व में भी स्कूल का निरीक्षण कर रिपोर्ट बीईओ को भेजी थी। इस संबंध में कई बार शिकायतें भी की। कलेक्टर जनदर्शन एवं शिविर में प्रधानपाठक की शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। सोमवार को सरपंच एवं पंचों ने दोपहर 2.30 बजे स्कूल का निरीक्षण किया तो प्रधानपाठक सहित तीन शिक्षक अनुपस्थित मिले। इस दौरान गांव के ही एक घर में प्रधान पाठक द्वारा ग्रामीणों के साथ शराब पीने की सूचना पर जनप्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुंचे तथा प्रधानपाठक की वीडियो बना बीईओ को भेजी।



इस संबंध में बीईओ राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि सरपंच की शिकायत मिली है। शिकायत की जांच उपरांत प्रधान पाठक के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## निधन

### सरदार सुरेंद्र सिंह छाबड़ा

**अंबिकापुर।** नगर के महामाया रोड निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी सरदार



सुरेंद्र सिंह छाबड़ा का 7 दिसंबर को निधन हो गया। वे हॉटल एवलोन इन व भारत बूट हाउस के संचालक थे। उनका अंतिम संस्कार 8 दिसम्बर को प्रतापपुर रोड स्थित सिख समाज के मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र जगदीप सिंह छाबड़ा रिंकू, संदीप सिंह छाबड़ा, दामाद डॉ. संजय सिंह, नरेंद्र सिंह टुटेजा (नीटू) सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षो से
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
40 शीटें शेष
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411